भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3130**

13 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**राज्य औषधीय पादप बोर्ड**

3130. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियन:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के तहत तमिलनाडु और पुडुचेरी को राज्य औषधीय पादप बोर्ड से सहायता अनुदान दिया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु और पुडुचेरी में नए सिद्ध मेडिकल कॉलेज शुरू करने के किसी प्रस्ताव को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पुडुचेरी और तमिलनाडु में आयुष अस्पताल के पूरी तरह से कार्य नहीं करने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): जी नहीं। तथापि, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय ने अपनी "औषधीय पादप संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन पर केंद्रीय क्षेत्रीय योजना" के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु और पुदुचेरी राज्य औषधीय पादप बोर्डों को विभिन्न गतिविधियों के लिए सहायता अनुदान अनुमोदित/जारी की है। विवरण **संलग्नक-I** में दिए गए हैं।

(ख): भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम), जो पूरे देश में नए आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और सोवा-रिग्पा कॉलेजों की स्थापना के लिए नियामक निकाय है, द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में 04 निजी और 01 सरकारी नए सिद्ध मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं । विवरण **संलग्नक-II** में दिए गए हैं। तथापि, नए सिद्ध मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र से पिछले तीन वर्षों में एनसीआईएसएम को ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, पुडुचेरी और तमिलनाडु में पूर्ण रूप से क्रियाशील आयुष अस्पताल का मामला संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, तमिलनाडु और पुडुचेरी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक 07 एकीकृत आयुष अस्पतालों (पुडुचेरी में 02 इकाइयां और तमिलनाडु में 05 इकाइयां) को अनुमोदन प्रदान किया है। चूंकि, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा एनएएम योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है, इसलिए अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पताल की कार्यात्मकता उनके अधिकार क्षेत्र में आती है।

*****

**संलग्नक-I**

**राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु और पुदुचेरी राज्य औषधीय पादप बोर्ड को अनुमोदित/जारी सहायता अनुदान का विवरण**

| **क्र.सं.** | **राज्य औषधीय पादप बोर्ड का नाम** | **गतिविधि** | **अनुमोदित/जारी सहायता अनुदान (₹ लाख में)** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
| 1. | तमिलनाडु राज्य औषधीय पादप बोर्ड | न्यूक्लियस सेंटर का रखरखाव | 34.19 | 32.00 | 30.51 |
| | | हर्बल गार्डन की स्थापना | - | - | 15.50 |
| | | सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) | - | 4.30* | - |
| 2. | पुदुचेरी राज्य औषधीय पादप बोर्ड | न्यूक्लियस सेंटर का रखरखाव | 13.60 | - | 22.80 |

* अनुमोदित सहायता अनुदान

**संलग्नक-II**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में नए मेडिकल सिद्ध कॉलेज खोलने के लिए स्वीकृत अनुमति पत्रों की सूची**

| क्र.सं. | कॉलेज आई.डी. | कॉलेज का नाम | राज्य | सरकारी/निजी |
|---|---|---|---|---|
| **शैक्षणिक वर्ष 2021-22** | | | | |
| - | - | - | - | - |
| **शैक्षणिक वर्ष 2022-23** | | | | |
| 1 | एसआईडी0272 | राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, त्रिची हाईवे, सरकारी अस्पताल के पास, ताम्बरम सैनटोरियम, चेन्नई, तमिलनाडु - 600047 | तमिल नाडु | सरकारी (यह एक पी.जी. संस्थान है, नए यू.जी. कोर्स शुरू करने संबंधी अनुमोदन प्राप्त हो गया है) |
| 2 | एसआईडी0754 | अन्नाई मेडिकल कॉलेज ऑफ सिद्ध एंड रिसर्च सेंटर, अनाकुडी रोड, कोविलचेरी कम्बकोणम, तंजावुर-612503, तमिलनाडु | तमिल नाडु | निजी |
| 3 | एसआईडी0756 | सर इसाक न्यूटन सिद्ध मेडिकल कॉलेज, ठंडापानी पिल्लई एंड संस, एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, नागपट्टिनम-611 001, तमिलनाडु | तमिल नाडु | निजी |
| **शैक्षणिक वर्ष 2023-24** | | | | |
| 1 | एसआईडी0755 | सुधा ससीन्द्रन सिद्ध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, 5/121बी, मेकोड, कलियाक्कविलाई-पोस्ट कन्याकुमारी जिला, तमिलनाडु- 629153 | तमिल नाडु | निजी |
| 2 | एसआईडी0753 | श्री इंद्र गणेशन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस सिद्ध मेडिकल कॉलेज, मेन रोड एनएच-45बी, मणिकंदम, तिरुचिरापल्ली - 620012, तमिलनाडु | तमिल नाडु | निजी |